<u>पत्र सूचना शाखा</u>

<u>सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0</u>

श्री नाईक ने मणिपुर के राज्यपाल के निधन पर दुःख व्यक्त किया

लखनऊः 27 सितम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने मणिपुर के राज्यपाल डाॅ0 सैय्यद अहमद के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा है कि डाॅ0 सैय्यद अहमद उनके अच्छे मित्र एवं पुराने परिचित थे। वे सादे, सरल एवं व्यवहारी स्वाभाव के व्यक्ति थे। उनका पैतृक निवास उत्तर प्रदेश के अम्बेदकरनगर जनपद में था। महाराष्ट्र विधान सभा में दोनों ने साथ-साथ काम किया है। डाॅ0 अहमद महाराष्ट्र सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। राज्यपाल ने कहा कि ‘डाॅ0 सैय्यद अहमद के निधन से मैंने अपना एक अच्छा दोस्त खो दिया‘।

राज्यपाल ने अपने शोक सन्देश में दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की कामना करते हुए दुःखी परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है।